# अधिकांश शिशु मृत्यु के प्रकरण नियोनेटल पीरियड

## स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक, डेथ रिव्यू और चाइल्ड डेथ रिव्यू की रिपोर्ट औपचारिकता न बने, मॉनीटरिंग सुनिश्चित करें : कलेक्टर

नवभारत न्यूज

**सागर 3 अगस्त. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।**



बैठक में आईएमआर की समीक्षा में पाया गया कि अधिकांश शिशु मृत्यु के प्रकरण नियोनेटल पीरियड के भीतर हो रहे हैं, जिनके प्रमुख कारण प्रिमैच्योरिटी, बर्थ एस्फिक्सिया हैं। प्रीमेच्योर प्रिजर्व रोकने के लिए हाई रिस्क प्रेग्नेंट महिला का गर्भावस्था के दौरान आवश्यक चिकित्सकीय प्रबंधन अति आवश्यक है। इसके साथ ही माता का उचित खानपान आवश्यक दवाओं का समय से सेवन और चारों एएनसी जांच भी महत्वपूर्ण है। सर्वाधिक मामलों में मृत्यु की वजह पीआईएच, हेपेटिक फेलियर, गंभीर एनीमिया तथा पोस्टपार्टम हैमरेज व एक्लेम्पसिया पाई गई। प्रीक्लेम्पसिया जिसमें से पीड़ित महिला को अचानक दौरे पड़ने लगते हैं। ऐसे मामलों में समय पर मरीज को स्टेबल कर सही रिफरल प्रोटोकॉल का पालन किया जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जमीनी स्तर पर ही गर्भवती महिलाओं के नियमित बीपी और हीमोग्लोबिन की मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। बैठक में डीन डॉ पी एस ठाकुर ने रेखांकित किया कि यदि माँ हाई-रिस्क गर्भवती है , तो उससे जन्म लेने वाला बच्चा भी हाई-रिस्क में ही आता है। एमएमआर और आईएमआर एक दूसरे से इसी प्रकार से संबंधित हैं। आज यदि हम हाई रिस्क माता का प्रबंधन नहीं करते हैं तो कल होने वाला बच्चा भी हाई रिस्क रहेगा। समीक्षा बैठक में निर्देश दिए गए कि मैटरनल डेथ रिव्यू और चाइल्ड डेथ रिव्यू की रिपोर्ट केवल औपचारिकता न रहे। ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर अपने क्षेत्र की आशा और एएनएम, आशा सुपरवाइजर, सीएचओ के कार्यों की निरंतर समीक्षा करें और कदम उठाएं। चिन्हांकन, डेटा एंट्री की सत्यता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए।

> समीक्षा में निर्देश दिए गए कि हाई-रिस्क गर्भवती महिलाओं की गर्भावस्था के दौरान दैनिक रूप से निगरानी रखी जाए साथ ही उन्हें आशा, सीएचओ, एएनएम के माध्यम से और जहां जरूरत हो वहां बीएमओ मार्गदर्शन दें। उच्च जोखिम वाली गर्भवती माताओं की बर्थ मैपिंग कर उनकी संभावित प्रसव दिनांक के कम से कम 7 से 15 दिन पहले से उन्हें अस्पताल के बर्थ वेटिंग एरिया में स्थानांतरित किया जाए जिससे किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने में मेडिकल टीम सक्षम रहे। उच्च जोखिम वाली महिलाओं को मैप किए गए अस्पताल की जानकारी न केवल स्वास्थ्य अमले को रहे बल्कि उनके परिवार को भी रहे। कलेक्टर ने कहा कि प्रसव के बाद देखभाल भी एएनसी जितनी ही अनिवार्य है।

# 18 माह में तैयार होगी मंगल विहार कॉलोनी

नवभारत न्यूज

**सागर 3 अगस्त. खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि मध्य प्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल द्वारा विकसित की जा रही मंगल विहार धर्मश्री कॉलोनी सुनियोजित विकास और विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी.**




धर्मश्री कॉलोनी स्थित संविधान चौक के समीप आयोजित भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री श्री राजपूत ने भूमिपूजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्य प्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के अध्यक्ष ओम जैन ने की। अध्यक्ष श्री जैन ने बताया कि मंगल विहार धर्मश्री कॉलोनी 14.27 एकड़ भूमि पर विकसित की जाएगी। इस योजना को 48.37 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति तथा 35.78 करोड़ की तकनीकी स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। उन्होंने बताया कि परियोजना के अंतर्गत 18 माह में सभी मूलभूत सुविधाओं से युक्त आधुनिक कॉलोनी तैयार की जाएगी। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों के 167 आवासीय भवन निर्मित किए जाएंगे, जिनमें 49 एमआईजी-ए, 54 एमआईजी-बी, 31 एलआईजी-ए तथा 33 ईडब्ल्यूएस-बी श्रेणी के मकान शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 94 विकसित आवासीय प्लॉट भी उपलब्ध कराए जाएंगे, जिनमें 11 एमआईजी-ए, 33 एमआईजी-बी, 25 एलआईजी-ए तथा 25 ईडब्ल्यूएस-बी श्रेणी के प्लॉट होंगे। कार्यक्रम को भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने भी संबोधित किया। संचालन डॉ अमरचंद जैन किया. आभार हाऊसिंग बोर्ड के इंजीनियर ने व्यक्त किया।

## एक नजर में



### शिव मंदिरों में श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना

**बंडा.** नगर सहित ग्रामीण अंचलों में सावन मास के पहले शिव मंदिरों में भक्तों ने पहुंच कर श्रद्धा पूर्वक पूजा अर्चना की. सुबह से ही सभी शिवालयों में जलाभिषेक और पूजा अर्चना करने वालो का तांता लगा रहा, जों दिन भर चलता रहा. भक्तों ने पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर विधि-विधान से पूजा अर्चना कर अभिषेक किया और सुख समृद्धि की कामना की. मान्यता है कि सावन मास में भगवान शिव की पूजा उपासना करने से सुख समृद्धि और सभी मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है.




### मंदिर परिसर में स्वच्छता की नुक्कड़ सभा

**खुरई.** नगर पालिका परिषद खुरई की आईईसी टीम द्वारा महाकाली मंदिर टीन शेड परिसर में स्वच्छता नुक्कड़ सभा का आयोजन कर नागरिकों को स्वच्छता अपनाने एवं अपने आसपास का वातावरण स्वच्छ बनाए रखने के लिए जागरूक किया. सीएमओ राजेश मेहतेले के मार्गदर्शन में नगर में व्यापक स्तर पर स्वच्छता गतिविधियां निरंतर संचालित की जा रही हैं. स्वच्छता नुक्कड़ सभा के दौरान आईईसी टीम ने नागरिकों से घर एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने, कचरा निर्धारित स्थान पर डालने, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने तथा नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की.



### दतिया चुनाव में कांग्रेस की मेहनत रंग लाई

**शाहगढ़.** दतिया विधानसभा के उपचुनाव परिणाम में कांग्रेस की जीत होने पर जीत का जश्न मनाया गया. पूर्व विधायक तरवर सिंह लोधी की चुनाव में मेहनत रंग लाई. बड़ा बाजार, झंडा चौक पर एकत्रित होकर सुशील गुप्ता, अनूप मिश्रा,वृतिचंद जैन,लोकराम विश्वकर्मा,जयंत शाह, समी खान, शिवाजी राजा, सर्कल अर्जुन राजा आदिवासी, मुकेश जैन, गिरजाशंकर अहिरवार, बल्लू भाईजान, शेखवाबू,राजपाल राजा, प्रभाशु करोसिया, दीपक नामदेव,विवेक जैन सम्मिलत रहे.




### सेवानिवृत्ति पर श्रीमती भारती को दी विदाई

**सागर.** शासकीय प्राथमिक शाला डुमा उलदन की प्रधानाध्यापक श्रीमती उर्मिला भारती के सेवानिवृत्ति पर बंडा में विदाई समारोह हुआ .उपस्थित शिक्षा अधिकारियों श्रीमती भारती के सेवाकाल की प्रशंसा की. कार्यक्रम में संकुल प्रभारी प्राचार्य वीरेंद्र अहिरवार,विमं कार्यपालन अभियंता मयंक मरकाम, भीम आर्मी प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र अहिरवार मौजूद थे.

### नामदेव समाज प्रदेश उपाध्यक्ष बने गौरीशंकर



**शाहगढ़.** गौरी शंकर नामदेव वरिष्ठ पत्रकार बरायठा को राष्ट्रीय टीम अखंड भारतीय नामदेव महासभा इंडिया का मध्यप्रदेश का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया. श्री नामदेव द्वारा सभी राष्ट्रीय टीम एवं प्रदेश टीम एवं समाज का आभार माना.

### परीक्षण शिविर आज

**सागर.** एडिप योजना एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम द्वारा दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को नि:शुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु 4 अगस्त मंगलवार को महाकवि पद्माकर सभागार, मोतीनगर चौराहा में परीक्षण एवं मूल्यांकन शिविर आयोजित किया जाएगा. पात्र दिव्यांगजनों को आवश्यकता अनुसार कैलिपर्स, ट्राय साइकिल, व्हील चेयर, मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल सहित सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। वरिष्ठ नागरिकों को छड़ी, वैशाखी, वॉकर, व्हीलचेयर दी जायेगी।

# बीएमसी में एक दिवसीय कार्यशाला

नवभारत न्यूज

**सागर 3 अगस्त. बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के मल्टीडिसिप्लिनरी रिसर्च यूनिट स्किल लैब में स्ट्रेंगथनिंग रिसर्च स्किल्स फॉर फैकल्टीज थीम पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।**




कार्यशाला में डॉ. तपस चकमा ने फंडामेंटल्स ऑफ हेल्थ रिसर्च, रिसर्च मेथोडॉलजी एंड स्टडी डिजाइन तथा साइंटिफिक राइटिंग पर जानकारी दी। डॉ. नवीन कांगो ने शोध एवं वैज्ञानिक प्रकाशन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और चैटबॉट्स के उचित उपयोग तथा सावधानियों पर प्रकाश डाला। डॉ. अतुल श्रीवास्तव भोपाल ने एथिकल राइटिंग, इन्फॉर्म्ड कंसेंट एवं एमडीआरयू की भूमिका पर विचार व्यक्त किए। डॉ. आकांक्षा तोमर ने सैंपल साइज कैलकुलेशन, डाटा कलेक्शन, रिव्यू ऑफ लिटरेचर तथा रेफरेंस मैनेजमेंट विषयों पर प्रशिक्षण दिया। डीन डॉ. पी. एस. ठाकुर ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम संकाय सदस्यों को उच्च गुणवत्ता के शोध पत्र, शोध परियोजनाएं तथा बेहतर शोध थीसिस तैयार करने में सहायता प्रदान करेंगे।

# प्रेम प्रवाहिनी रथ का हुआ आगमन



नवभारत न्यूज

**सागर 3 अगस्त. सत्य साई सेवा संगठन सेंट्रल ट्रस्ट का सत्य साई प्रेम प्रवाहिनी रथ देवरी, हनौता, खुरई समितियों में भक्तों को दर्शन देते हुए नगर में प्रवेश किया।**

सिविल लाइन स्थित पिंपलापुरे आवास पर रथ का स्वागत, वंदन और शाम को भजन का आयोजन किया गया। जिला सेवा दल प्रभारी सरवन यादव ने कहा कि कभी असत्य न बोलने के कारण यह दिव्य अवसर प्राप्त हुआ है, आप सब भी इसका पालन करें। सागर में रथ की संपूर्ण व्यवस्थापक और समिति सेवा प्रभारी डॉ. निकिता पिंपलापुरे ने भजन के बाद महामंगल आरती की। जिला अध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया कि रथ के जिले में भ्रमण के दौरान बहुत सारे वे भक्त भी सामने आए।

# शिव भक्तों ने निकाली कांवड़ यात्रा

नवभारत न्यूज

**खुरई 3 अगस्त. सावन के पहले सोमवार पर शिवभक्तों ने कांवड़ यात्रा निकाली।**



यात्रा दानखेड़ी गांव से प्रारंभ होकर पीएम आवास कालोनी, तलैया मंदिर, किला गेट, महामंगला महाकाली मंदिर होते हुए टैगोर वार्ड, गढौला नाका होते हुए खुरई के प्रसिद्ध भूतेश्वर धाम पहुंची, गढौला नाका चौराहे पर पूर्व एनएस जी कमांडर मनोज राय ने स्वागत किया। भूतेश्वर महादेव मंदिर के पास भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की, सम्पूर्ण मार्ग में श्रद्धालु हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष लगाते हुए आगे बढ़े, जहां भक्तों द्वारा कांवड़ियों का विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया तथा श्रद्धालुओं के लिए जलपान की भी व्यवस्था की गई कांवड़ भूतेश्वर धाम पहुंचने पर विधि-विधान से भगवान शिव का जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना की गई, जिसके साथ कांवड़ यात्रा का समापन हुआ।

### कुल्हाड़ी से हमला

**शाहगढ़.** ग्राम निबाही में सरकारी जमीन से पत्थर उठाने को लेकर विवाद मे कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया गया है। घायल हरिसिंह यादव का आरोप है कि राना राजा, शिवाजी राजा और गिन्नी राजा सिंचाई विभाग की पिचन के पत्थर चोरी से उठा रहे थे, हरिसिंह यादव ने मना किया और कहा सरकार की चीजें क्यों मिटा रहे हो तो तीनों आपस में भिड़ गए।विवाद इतना बढ़ा कि तीनों ने मिलकर हरिसिंह यादव पर कुल्हाड़ी से 3-4 बार हमला कर दिया। पीड़ित का कहना है कि आरोपी उन्हें जान से मारने की फिराक में थे। हमले में हरिसिंह यादव गंभीर रूप से घायल हो गए।

# विस्थापन प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश

नवभारत न्यूज

**सागर 3 अगस्त. वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के अंतर्गत आने वाले गांवों के विस्थापन कार्य को गति देने और पारदर्शी समीक्षा के उद्देश्य से प्रमुख सचिव द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की।**

> कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने वन एवं राजस्व की संयुक्त टीम को स्पष्ट निर्देश दिए कि टाइगर रिजर्व के प्रभावित क्षेत्रों में बची हुई परिसंपत्तियों का त्वरित एवं सटीक मूल्यांकन/परीक्षण किया जाए तथा परीक्षण के उपरांत अतिशीघ्र प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित किए जाएं। विस्थापन एवं मुआवजा पैकेज निर्धारण प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शी एवं नियमसंगत बनाने के उद्देश्य से उन्होंने निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों की आयु एवं पात्रता का निर्धारण दाखिला पंजी एवं आधिकारिक दस्तावेजों के आधार पर ही किया जाए, ताकि किसी भी पात्र व्यक्ति का हक न छूटे। बैठक में वन मंडल अधिकारी रजनीश सिंह, भू अर्जन अधिकारी अधिकारी एवं एसडीएम देवरी मुनव्वर खान, एसडीएम रहली कुलदीप पाराशर सहित एसडीओ फॉरेस्ट उपस्थित रहे।

बैठक में टाइगर रिजर्व क्षेत्र के शेष बचे गांवों के विस्थापन एवं परिसंपत्तियों के पारदर्शी मूल्यांकन को लेकर दिशा-निर्देश दिए। टाइगर रिजर्व में विस्थापन की शेष प्रक्रिया को समयसीमा में और तेजी से पूरा करने के लिए कहा। प्रभावित ग्रामीणों को देय मुआवजा, पुनर्वास पैकेज तथा कट-ऑफ डेट के निर्धारण से जुड़े प्रस्तावों का त्वरित निस्तारण करने के लिए भी कहा गया है। तहसील रहली एवं देवरी के अंतर्गत आने वाले प्रभावित गांवों के पुनर्वास, मुआवजा राशि वितरण तथा कट-ऑफ डेट पुनरीक्षण से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा की गई।

# बेदखली नोटिस के विरोध में प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

नवभारत न्यूज

**बीना 3 अगस्त. ग्राम नौगांव हल्का नंबर 50, खसरा नंबर 109/1, रकबा 0.92 हेक्टेयर पर पिछले 50 से 60 वर्षों से रह रहे परिवारों को बेदखली का नोटिस मिलने के बाद लोग सड़कों पर उतर आए।**



पूर्व जनपद अध्यक्ष इंदर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में गांधी चौराहा से विरोध रैली निकाली गई। हाथों में तख्तियां लेकर प्रदर्शनकारी सर्वोदय चौक,अंबेडकर तिराहा होते हुए तहसील परिसर पहुंचे और कलेक्टर के नाम 4 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। रैली का नेतृत्व कर रहे पूर्व जनपद अध्यक्ष इंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि जिन परिवारों ने लगभग 60 वर्षों से यहां अपना आशियाना बना रखा है, उन्हें अचानक बेदखल करना न्यायसंगत नहीं है।

> सेवा दल अध्यक्ष प्रमोद राय ने कलेक्टर के नाम 4 सूत्रीय ज्ञापन का वाचन किया। ज्ञापन तहसीलदार अंबर पंथी को सौंपा गया। प्रदर्शनकारियों ने सुनाई व्यथा अनीता अहिरवार ने कहा हमारे दादा-परदादा इसी जमीन पर रहते आए हैं। अब अचानक खाली करने का नोटिस दे दिया गया। हम लोग कहां जाएंगे ?जसोदा बुनकर ने बताया जिस जमीन पर हम रह रहे हैं उस पर हमारा कब्जा कई वर्षों से है। प्रदर्शन के दौरान तहसीलदार अंबर पंथी ने वीडियो कॉल के माध्यम से जमीन के मालिक से बात कराई। जमीन मालिक वर्तमान में मुंबई में रहते हैं। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि वे परिवार के साथ बैठकर निर्णय लेंगे। तहसीलदार अंबर पंथी ने बताया कि यह जमीन का मामला हाई कोर्ट में चला था। जमीन मालिक केस जीत गए हैं। इसके बाद बीना न्यायालय ने जमीन खाली कराने के आदेश दिए थे। इसी के तहत नोटिस जारी किए गए हैं।

### उदासीन आश्रम में कलश स्थापना समारोह आज

**सागर.** मुनिश्री पदम सागर महाराज ससंघ का वर्षा योग कलश स्थापना समारोह वर्धमान कॉलोनी में हो रहा है कलश स्थापना समारोह का कार्यक्रम उदासीन आश्रम में दोपहर 1 बजे से आयोजित किया गया है। मुनि श्री पदम सागर महाराज का गृहस्थ जीवन चकरा घाट सागर में बीता। 22 अप्रैल 1999 को नेमावर में आचार्य श्री विद्यासागर महाराज से उन्होंने दीक्षा ली थी। मुनि संघ में एक क्षुल्लक जी भी विराजमान है। मुकेश जैन ढाना में बताया कि वर्ष 2026 में सागर में पांच स्थानों पर चातुर्मास कलश स्थापना समारोह का आयोजन हो रहा है भाग्योदय तीर्थ में 9 अगस्त को दोपहर 1 बजे से निर्यापक मुनि श्री अभय सागर महाराज ससंघ का वर्षा योग चातुर्मास का कलश स्थापना समारोह आयोजित किया गया है। कलश स्थापना समारोह में सभी समाज जनों से उपस्थिति की अपील की है।




# तिरंगा अभियान को लेकर बैठक

नवभारत न्यूज

**सागर 3 अगस्त. भाजपा द्वारा 9 अगस्त से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।**

जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि 9 अगस्त से 15 अगस्त तक जिले के सभी मंडलों व जिला मुख्यालय पर तिरंगा यात्राएं निकाली जाएंगी। अभियान के माध्यम से प्रत्येक घर तक राष्ट्रध्वज पहुंचाने, तिरंगे के सम्मान का संदेश देने तथा देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन बताया कि अभियान के संचालन के लिए जिला स्तरीय टोली गठित की है। संचालन विक्रम सोनी व आभार सविता साहू ने व्यक्त किया। बैठक में जगन्नाथ गुरैया, निकेश गुप्ता, यश अग्रवाल, चेतराम अहिरवार, चैन सिंह ठाकुर, सुमित यादव,संध्या भार्गव, बालकिशन सोनी, रामेश्वर नेमा शामिल हुए।

### राष्ट्रीय संगोष्ठी आज

**सागर.** दीनदयाल उपाध्याय, शासकीय कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय में 4 एवं 5 अगस्त को बुंदेलखंड : पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार के अवसर विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। संगोष्ठी में विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय एवं रानी अवंती बाई लोधी विवि के मूर्धन्य विद्वानों के साथ-साथ कानपुर चित्रकूट इंदौर जबलपुर से इतिहासकार एवं अनुभवी वक्ता शामिल होंगे। संगोष्ठी का आरंभ विधायक शैलेंद्र जैन के मुख्य आतिथ्य एवं विवि के कुल गुरु प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर डॉ अरुण तिवारी डॉ राजेंद्र कुमार शुक्ला के विशेष आथित्य में होगा। संगोष्ठी तीन वैचारिक सत्रों में संपन्न होगी।

# एसपी ने कोर्ट परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को परखा

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 3 अगस्त. जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक संजीव बाजपेई ने न्यायालय परिसर का निरीक्षण किया।**




इस दौरान उन्होंने सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लेते हुए ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए। एसपी ने न्यायालय परिसर के प्रवेश द्वार पर पहुंचकर डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर और बैग स्कैनर की कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देशित किया कि न्यायालय में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति और सामान की नियमानुसार गहन जांच सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने न्यायालय परिसर स्थित सदर हवालात का निरीक्षण किया। उन्होंने हवालात की साफ-सफाई, बंदियों की सुरक्षा व्यवस्था और उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि महिला एवं पुरुष बंदियों की सुरक्षा और निगरानी में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। एसपी ने जेल से न्यायालय आने-जाने वाले बंदियों के लिए उपयोग किए जाने वाले बंदी वाहन तथा उसमें तैनात पुलिस बल की ड्यूटी का भी निरीक्षण किया।

### युवक की मौत

**ललितपुर.** कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला चांदमारी में संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाने से किशोर की मौत हो गई। मोहल्ला चांदमारी निवासी रवींद्र सिंह यादव का 17 वर्षीय पुत्र पृथ्वी सिंह यादव घर पहुंचा। उसकी अचानक तबीयत बिगड़ गई और उसे लगातार उल्टियां होने लगीं। परिजन उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर पृथ्वी को झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार झांसी ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। परिजन शव को लेकर फिर से मेडिकल कॉलेज पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।


### नाम परिवर्तन सूचना

मैं कैलाश छबलानी S/O शोभराज छबलानी निवासी -229,लहरवानी गली,संत कंवरराम वार्ड जिला सागर म.प्र.सूचित करता हूं कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम कैलाश कुमार छबलानी दर्ज है जो कि मैंने बदल कर कैलाश छबलानी S/O शोभराज छबलानी कर दिया है जो कि मेरे सभी वर्तमान सरकारी दस्तवेजों में भी दर्ज है। अत: मैं सूचित करता हूं कि भविष्य में मुझे मेरे सही नाम यानि कैलाश छबलानी S/O शोभराज छबलानी के नाम से जाना एवम पहचाना जावे।

सूचनाकर्ता

कैलाश छबलानी S/O शोभराज छबलानी निवासी -229,लहरवानी गली, संत कंवरराम वार्ड जिला व तहसील सागर म.प्र.